## मेष



**01 से 06 दिसम्बर तक-** आप अपनी **योजना** व **गतिविधियों** के बारे में किसी विशेषज्ञ से परामर्श लेंगे। उत्तम सुखों की प्राप्ति होगी। **व्यक्तिगत लाभ** के कार्यों में **अहंकार** न करे। वैसे आप थोड़े स्वार्थपरक जातक है, अत: आप पहले अपना लाभ ही देखेंगे। **असहायों** व **दिव्यांगो** की सहायता करे। मानवमात्र से **प्रेम पूर्वक** व्यवहार करेंगे। उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे

**07 से 13 दिसम्बर तक-** **विरोधी** हावी होंगे। आपकी भावनाओं को कोई चोट पहुँचायेगा। आपको कोई भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। संतान के प्रति ज्यादा **मोह** न दिखायें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। **नववर्ष सर्वोन्नति प्रयोग** सम्पन्न करें आपके लिये लाभकारी होगा।

**न्यौछावर ₹ 580**

**14 से 20 दिसम्बर तक-** काम में स्थायित्व आयेगा। किसी **उत्सव** या घरेलू पार्टी में समय निकालेंगे। काम पर ध्यान देने के साथ-साथ आर्थिक मामलों में आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले लेंगे। आप निजी तौर पर आत्म सुधार की कोशिश में लगे रहेंगे। आपके काम, छवि और रवैये में **आत्मविश्वास** की झलक मिलेगी। बुजुर्गो के स्वास्थ्य पर ध्यान देते रहे।

**21 से 31 दिसम्बर तक-** आपके जीवन में भौतिक और भावनात्मक रूप से भारी बदलाव आ सकता है। आपको कुछ बड़े फैसले लेने में गम्भीरता दिखानी होगी, क्योंकि इससे आपका जीवन पूरी तरह बदल सकता है। **घर** व **जीवन** में सुधार के लिये हर चीज सोच समझकर करेंगे। कुछ अच्छे की प्राप्ति के लिये आप कठिन परिश्रम करे **भाग्योदय** होगा।

**शुभ तिथियां 02, 06,08,26**

## वृष



**01 से 06 दिसम्बर तक-** प्रतियोगी परीक्षा या मुकदमें में आपको सफलता प्राप्त हो सकती है। **प्रणय** व **प्रेम प्रसंगों** के भी योग है लेकिन अपने अध्ययन या कैरियर के साथ कोई समझौता नहीं करें। घर में किसी नवीन वस्तु की खरीददारी संभव है। इस समय काम का दबाव कुछ ज्यादा ही रहेगा। धन हानि के योग बन रहे है। आपके लिये **सिंह वाहिनी महालक्ष्मी संक्रान्ति साधना** शुभ लाभ प्रदान करेगी।

**न्यौछावर ₹ 580**

**07 से 13 दिसम्बर तक-** इस समय आप घर, ऑफिस, समाज के व्यक्तियों से **अच्छे व्यवहार** के कारण चर्चित रहोगे। कोई ऐसी बात हो सकती है। जिससे आपका मूड बदल सकता है। किसी **घनिष्ठ मित्र** से गलती के कारण मन-मुटाव हो सकता है। स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें। इस समय कैरियर व व्यापार की दृष्टि से कोई बड़ा लाभ नहीं होगा।

**14 से 20 दिसम्बर तक-** प्रतिद्वन्द्विता व प्रतिस्पर्द्धा के कारण नित नई चर्चाओं से घिरे रहेंगे। व्यापारिक अनुबन्धन सोच समझकर करें। भागीदारी के काम में लाभ तो है, परंतु किसी पर **भरोसा** नहीं करें। गरीब लोगो के प्रति आपके मन में दया का भाव रहेगा। कम्बल, स्वेटर आदि जरूरतमंदों को दान दें।

**21 से 31 दिसम्बर तक-** भावनाओं से ज्यादा इस समय आपका दृष्टिकोण **व्यावहारिक** रहेगा। आप नया निवेश कर सकते है। आने वाले वर्ष के लिये लक्ष्य व योजनाये तैयार करेंगे। आर्थिक रूप से यह समय मिश्रित फल देगा। धन प्राप्ति के योग है। **रचनात्मक कार्यो** की आपकी प्रवृति रहेगी। कड़ी मेहनत से आप अपना लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

**शुभ तिथियां 01,05,09,31**

## मिथुन



**01 से 06 दिसम्बर तक-** वाहन, मशीन आदि का प्रयोग सावधानी से करें। समय हंसी-खुशी, मनोरंजन और प्रेम से भरपूर होगा। घर व धन के मामले में समय सुखद है। आप खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे। बच्चों व बुजुर्गो के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोई नवीन कार्य करना हानिकारक हो सकता है। आप **शाकम्भरी शक्ति दीक्षा** ग्रहण करना फलदायक सिद्ध होगा।

**न्यौछावर ₹ 2100**

**07 से 13 दिसम्बर तक-** जहां से आपको बिल्कुल आशा नहीं थी, वहां से भी **धन** प्राप्त होगा। आप नई जिम्मेदारियां संभालेंगे। घर में मेहमानों की आवाजाही रहेगी। मन शांत रहेगा। समय में सुधार आयेगा। आप बुद्धि चातुर्य से अपना कार्य बना लेंगे। आपको नित्य **गुरू मंत्र** का जप करना चाहिये आपके लिये **श्रेयस्कर** होगा।

**14 से 20 दिसम्बर तक-** नये-नये विवाद उत्पन्न हो सकते है। नियंत्रण खोने पर परेशानी सम्भव है। खुशी-गम का साथ रहेगा। **लम्बित विवाद** या **समस्यायें** अलविदा होंगी। खेल और शौक के मामलों में आप उत्साहित होंगे। किसी की अंतिम यात्रा में शामिल हो सकते है। आने वाले वर्ष के लिये योजनायें बनायेंगे।

**21 से 31 दिसम्बर तक-** अपने **आत्मविश्वास** व **क्षमता** के सहारे दूसरों को पीछे छोड़ने में सफल रहेंगे। **सामाजिक मुद्दों** तथा **कल्याणकारी कार्यो** को पूरी सहानुभूति से अंजाम देंगे। गृहणियां अपने **कौशल** को दिखाने में सफल रहेंगी। काम के दबाव को मन के ऊपर हावी नहीं होने दे, अपने लक्ष्य पर पूरी नजर रखें, आस-पास के लोगों से लड़ाई-झगड़ा संभव है। नशे से दूर रहें।

**शुभ तिथियां 02,08,13,27**



## कर्क

**01 से 06 दिसम्बर तक–** राजकीय कार्य में सफलता के योग है। आप कर्क राशि के व्यक्ति है। कर्क राशि वाले **दबंग, निडर** व **साहसी** होते है। अपने पराक्रम से आप अपने सभी कार्य सुगमता से पूर्ण कर लेंगे। घरेलु वातावरण तनावपूर्ण हो सकता है। आपका पराक्रम अक्षुण बना रहे इसके लिये आप **सूर्य संक्रान्ति सम्मोहन वशीकरण दीक्षा** प्राप्त करें।

**न्यौछावर ₹ 2100**

**07 से 13 दिसम्बर तक–** आपके हाथ से कोई गलती जाने–अनजाने रूप में हो जायेगी। आपको उसका दण्ड देना पड़ सकता है। उतावलेपन में कई निर्णय आपसे गलत हो सकते हैं। प्रेम–प्रसंगों में सफलता मिलेगी। पार्टनर से सम्बन्ध सुधरेंगे, मिलकर काम करने में मजा आयेगा। कारोबारी हालात पहले से बेहतर होगी।

**14 से 20 दिसम्बर तक–** किसी परिचित से कोई **अप्रिय समाचार** मिल सकता है। व्यवसायिक क्षेत्र में आप तनावमय रह सकते है। आपको विश्वासघात का भी भय रहेगा। इस समय कोई व्यक्ति आपकी भावनाओं से खिलवाड़ कर सकता है। रूके हुये काम किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से पूरे हो जायेंगे।

**21 से 31 दिसम्बर तक–** आप दैनिक कार्यो में व्यस्त रहेंगे। किसी पुराने मित्र से अचानक मुलाकात कर आप **प्रसन्न** हो उठेंगे। परिवार में **अशांति** व **कलह** का वातावरण रहेगा। आप अपने पर नियंत्रण रखे, अन्यथा अपने क्रोध के कारण आपको भारी क्षति उठानी पड़ सकती है। आर्थिक मामलों में किसी पर भी भरोसा नहीं करें अन्यथा आपकी मान हानि हो सकती है। सरकारी अधिकारियों से कहासुनी हो जायेगी। ग्रह स्थितियों में बदलाव होगा। कुछ ठोस व रचनात्मक कार्यो को करने की आपकी प्रवृति बनेगी।

**शुभ तिथियां** 04,21,26,30



## सिंह

**01 से 06 दिसम्बर तक–** निजि सम्बन्ध, पारिवारिक रिश्ते आपके लिये ज्यादा मुख्य होंगे। **स्वास्थ्य** में सुधार होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ेगी। मनोबल इस समय आप में गजब का रहेगा। नेटवर्किंग व सेल्स में कार्यरत लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते है। ऐसी कोई बात उजागर होने का खतरा है, जिसे आप छुपाना चाहते थे। लोक कल्याण एवं परोपकार की भावना आपके अन्दर रहेगी।

**07 से 13 दिसम्बर तक–** बुजुर्गो का **स्नेह** व **आशीष** आपको आगे बढ़ने में प्रेरणा देगी। लक्ष्य को निर्धारित कर योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ेंगे। नौकरी में नियुक्ति या तबादले सम्बन्धी दस्तावेज प्राप्त होंगे। **विनम्रता, मित्रवत व्यवहार** और **आकर्षक व्यक्तित्व** के कारण आपके सम्बन्ध लोगों से बेहतर बनेंगे।

**14 से 20 दिसम्बर तक–** नये–नये लोगों से आपका सम्पर्क बनेगा। दो नम्बर के कार्यो से दूर रहे। नौकर–चाकर, वाहनादि सभी प्रकार के भौतिक ऐश्वर्य व सुख–संसाधनों में कमी होगी। युवा वर्ग में भविष्य के प्रति अपार संभावनायें रहेंगी। धनहानि के योग है। आप मुसीबत या संकट में फंस सकते है। **गृहस्थ चेतना प्राप्ति शक्ति दीक्षा** प्राप्त करने पर आप ऐश्वर्य युक्त हो सकेंगे।

**न्यौछावर ₹ 2100**

**21 से 31 दिसम्बर तक–** आप मौज–मस्ती व आनन्द के मूड में रहेंगे। **व्यावसायकि उपलब्धियां** तो कोई खास हासिल नहीं होगी, हालांकि घर–परिवार को आप पूरा समय देंगे। हाथ में आता–जाता रूपया रूक जायेगा। वरिष्ठ आपके द्वारा किये गये कार्यो से संतुष्ट रहेंगे, फलतः आपको आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। धन हानि के भी संकेत है, सावधान रहें।

**शुभ तिथियां** 09,14,16,21



## कन्या

**01 से 06 दिसम्बर तक–** विद्यार्थियों के लिये बहुत अच्छा समय है। कार्यो में मनचाही **सफलता** की प्राप्ति होगी। कहीं–न कहीं से लाभ प्राप्त होगा। व्यापारिक आदान–प्रदान बढ़ेंगे। सभी कार्य मन की इच्छा के अनुसार होते देखकर **चित्त प्रसन्न** रहेगा। पीडितों की मदद करने का गुण आप में विद्यमान है।

**07 से 13 दिसम्बर तक–** स्वास्थ्य की दृष्टि से आपको अपना तथा परिवार का ध्यान रखना होगा। आप अपने जीवनसाथी से अच्छा व्यवहार करें। आपके भोलेपन का गलत फायदा उठाया जायेगा, अतः सावधान रहें व समय अनुकूल बर्ताव करें। समय अच्छा आयेगा। **स्वास्थ्य** में सुधार होगा। **विद्यार्थी वर्ग के लिये अधिक मेहनत का समय है जो आगे लाभ देगा।**

**14 से 20 दिसम्बर तक–** आपकी प्रवृति **निर्भय, स्वतंत्र** तथा **प्रेरक** रहेगी। आपका आत्मविश्वास दृढ़ रहेगा। आप किसी भी तरह की **आलोचना** या **विरोध** के कारण **गुस्से** में आयेंगे और ये गुस्सा जायज रहेगा। आप किसी भी प्रकार की चुनौतियों से न घबराये। आपके लिये **शाकम्भरी शक्ति दीक्षा** हितकर रहेगी। जो आपका पराक्रम बढ़ायेगी।

**न्यौछावर ₹2100**

**21 से 31 दिसम्बर तक–** आप इस समय **योग, व्यायाम** आदि में रूचि लेंगे तथा सेहत में सुधार होगा व मन प्रसन्न रहेगा। आपके पारिवारिक जीवन में कोई दिक्कत पेश आने की संभावना है। अभी पैसो का निवेश नहीं करे, बच्चो के साथ घूमने–फिरने का कार्यक्रम बनेगा। जोखिम भरे कार्य न करे। शत्रुओं पर आप विजय प्राप्त करेंगे। असहायों की सहायता अवश्य करें, उनका आशीर्वाद आपको उन्नति दिलायेगा।

**शुभ तिथियां** 04,09,11,15

## तुला



**01 से 06 दिसम्बर तक-** मास का आरम्भ सामान्य रहेगा। मानसिक रूप से **शांति** का अनुभव करेंगे। अवरोधित काम एक बार आगे बढेंगे, बीच में समय कलहकारी है किसी से झगड़ा हो सकता है। आर्थिक पक्ष भयंकर रूप से **डांवाडोल** होने की संभावना है। कोई बड़ा ऑर्डर या अनुबन्ध आपके हाथों से निकल सकता है। आप उच्च शिक्षा और तकनीक पर ध्यान देंगें। सम्पर्क और संवाद के लिये यह समय उत्तम रहेगा। संतान की तरफ से चिंतित रहेंगे।

**07 से 13 दिसम्बर तक-** आप अपनी महत्त्वकांक्षायें और सारी इच्छाओं की पूर्ति करेंगे। मुख्य योजनाओं को आप सफलता से पूरा करेंगे। आप इस समय एकान्त में बैठकर स्वयं का विश्लेषण करेंगे। अपनी कार्य कुशलता का परिचय देंगे। आपको सन्तोष भी प्राप्त होगा। यह सन्तोष काम से नहीं, बल्कि काम को खुशी से करने के कारण प्राप्त होगा।

**14 से 20 दिसम्बर तक-** घर परिवार में कलह व तनाव का वातावरण रहेगा। व्यापार व कामकाज को पटरी पर लाने के लिये आप भरसक प्रयास करेंगे, परंतु उसमें आपको वाछित सफलता मिल नहीं पायेगी। आर्थिक बजट गड़बड़ायेगा। नये वर्ष की योजना बनायेंगे।

**21 से 31 दिसम्बर तक-** यात्रओं पर जोर रहेगा। जितना अधिक भ्रमण होगा, उतना ही अधिक लाभ प्राप्त होगा। किसी नये कार्य की रूपरेखा बनायेंगे, उस कार्य को पूर्णता देने के लिये आप पुरजोर कोशिश करेंगे। महत्त्वकांक्षाओं की पूर्ति में आई रूकावटें व अवरोध धीमे-धीमे समाप्त होंगे। आप **सर्वकार्य सिद्धि साफल्य साधना** सम्पन्न करें सफलता मिलेगी।

**न्यौछावर ₹ 520**

**शुभ तिथिया** 14,19,23,27

## वृश्चिक



**01 से 06 दिसम्बर तक-**व्यस्तता अधिक रहेगी। युवा वर्ग को **कैरियर** से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है **विवेक** से निर्णय लें। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। आप **गृहस्थ चेतना प्राप्ति शक्ति दीक्षा** प्राप्त करें। जिसमें सुखद भविष्य का निर्माण होगा। **न्यौछावर ₹ 2100**

**07 से 13 दिसम्बर तक-**घर में मांगलिक कार्यक्रम में व्यस्त रह सकते हैं। यह समय पूर्णतया आपके पक्ष में रहेगा। प्रियजन, माता-पिता और बच्चे आपके और निकट आयेंगे। आप पहले से स्वयं को बेहतर स्थिति में पायेंगे। आप जीवन शैली में सुधार करेंगे। आपको कार्य में विलम्ब और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**14 से 20 दिसम्बर तक-** इस सप्ताह यात्रा का योग बन रहा है, आप कहीं घूमने जा सकते है। आपको यह एहसास होगा कि तनाव के कारण पारिवारिक स्थितियां कलह पूर्ण बनती जा रही है। आपको मनोरंजन के लिये वक्त निकालना जरूरी है। दूसरों की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास ना करें, बिना मतलब के नई उलझन उत्पन्न हो सकती है। आप पूर्ण रूप से संतुष्ट रहेंगे। किसी भी समस्या का समाधान आसानी से कर लेंगे।

**21 से 31 दिसम्बर तक-** घर में मांगलिक कार्यक्रमों में व्यस्त रह सकते है। यह समय पूर्णतया आपके पक्ष में रहेगा। प्रियजन, माता-पिता और बच्चे आपके और निकट आयेंगे। आप पहले से स्वयं को बेहतर स्थिति में पायेंगे। आप जीवन शैली में सुधार करेंगे। आपको कार्य में विलम्ब और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**शुभ तिथियां** 11,13,18,27

## धनु



**01 से 06 दिसम्बर तक-** जीवन में महत्त्वपूर्ण आदर्श अपनायेंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी भेंट होगी। घर में किसी नवीन वस्तु की खरीददारी सम्भव है। किसी के बहकावे में आकर कोई काम नहीं करें। इस समय आप कोई नया कार्य करेंगे। धन हानि के योग बने हुये है। कार्यक्षेत्र में बॉस की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा। आपसे कोई चूक हो जायेगी, जिसका दण्ड भुगतना पड़ सकता है।

**07 से 13 दिसम्बर तक- शत्रु** व **विरोधी** हावी होंगे। वाहन सावधानी पूर्वक चलायें। सरकारी क्षेत्र में आपके काम लम्बित रहे जायेंगे। पति-पत्नी के बीच **मधुरता** बढ़ेगी। संतान पक्ष को लेकर चिंता की स्थिति रहेगी। विद्याध्ययन में बाधायें आयेंगी। उच्चधिकारियों से सम्बन्ध मधुर बनेंगे। संतान को **सूर्य संक्रान्ति सम्मोहन वशीकरण दीक्षा** अवश्य दिलायें।

**न्यौछावर ₹ 2100**

**14 से 20 दिसम्बर तक-** आर्थिक पक्ष दृढ़ रहेगा। आपका व्यक्तित्व निखरेगा। आप में आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। मान सम्मान प्रतिष्ठा वर्द्धक समय है, आप अपनी बुद्धि चातुर्य से अपना सारा काम निकाल लेंगे, इस समय आप काम के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित रहेंगे। पहले किया गया निवेश अब आपको लाभ दे सकता है।

**21 से 31 दिसम्बर तक-** आपकी लोक प्रियता में कमी आयेगी। आर्थिक मामलों में किसी पर भी भरोसा न करें। किसी रिश्तेदार से सम्बन्धित कोई अशुभ समाचार प्राप्त होगा। शोध व शिक्षा जैसे कार्यो में आपको सफलता प्राप्त होगी। निजी संबंध, पारिवारिक रिश्तों पर आप अधिक ध्यान देंगे।

**शुभ तिथियां** 16,18,21,31



## मकर

**01 से 06 दिसम्बर तक-** प्रगति के लिये आपको अपनी कार्यशैली में सुधार करना आवश्यक होगा। आपके मन में काम को लेकर संतुष्टि का भाव रहेगा। आप बाहरी सज्जा के साथ आंतरिक सजावट पर बल देंगे। किसी प्रकार की बुरी आदत नशा आदि छोड़ना आपके लिये हितकर होगा।

**07 से 13 दिसम्बर तक-**इस सप्ताह जोखिम भरे व अनुचित कार्यों को फिलहाल टाले। प्रतिद्वन्दी व व्यावसायिक प्रतिस्पर्द्धी कड़ी टक्कर देंगे। कार्यों में लापरवाही का परिणाम घातक होगा। आपकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ हो सकता हैं किसी की अनजाने में कही बातें आपको आहत कर सकती है। त्वचा से संबंधित कोई रोग उभर सकता है। इस माह अतिथियों का आवागमन लगा रहेगा जिससे आप अधिक व्यस्त रहेंगे तथा आप प्रसन्नचित रहेंगे।

**14 से 20 दिसम्बर तक-** आप ईश्वर आराधना व तंत्र-मंत्र, टोटके आदि में रूचि रखेंगे। आप दूसरों की सहायता भी करेंगे। आपके साथ विश्वासघात हो सकता है। कोई आप पर पीठ पीछे वार कर सकता है। विद्यार्थी वर्ग परिश्रम व मेहनत तो खूब करेंगे, परंतु उतने सकारात्मक परिणाम आपको मिल नहीं पायेंगे। निराशा को मन में न आने दे।

**21 से 31 दिसम्बर तक-** कार्यस्थल पर मन नहीं लगेगा। काम की गति धीरे ही रहेगी। दोस्तों के साथ आपकी काफी ऊर्जा व धन खर्च हो सकता है, जिससे आपका काफी नुकसान हो सकता है। आपको उपहार की प्राप्ति हो सकती है। आप अपना लक्ष्य तय करके आगे बढ़ने का प्रयास करें आप **शाकम्भरी शक्ति दीक्षा** से अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते है।

**न्यौछावर ₹ 2100**

**शुभ तिथियां 03,07,11,30**



## कुंभ

**01 से 06 दिसम्बर तक-**व्यवसायिक यात्रा सफल होगी। अचानक लाभ की स्थिति बनेगी। आपके साथ कोई सुखद घटना घटित होगी, जो कि अविस्मरणीय साबित होगी। बहुत ही शांति का अनुभव करेंगे। मानसिक तनाव खत्म होंगे। पुराने विवाद, रोग आदि समाप्त होंगे। इस समय अपने व्यवसाय से जुड़ी बैठके, सम्मेलन आदि में भाग लेंगे, व्यापारिक समस्याओं को सुलझाते हुये धन भी कमायेंगे। नौकरी में आपको सचेत रहने की आवश्यकता है।

**07 से 13 नवम्बर तक-** घर-परिवार में आप समय व्यतीत करेंगे। इस समय धन संबंधी मसले, किराया तथा अन्य स्त्रोतों से आपकी आय में बढ़ोतरी होगी। आप अधिकतम व्यस्त रहेंगे। आपका ध्यान अपने लक्ष्य की ओर रहेगा। अशुभ समाचारों की प्राप्ति हो सकती है। आपका अपना ही कोई विश्वासघात कर सकता है। आप **नववर्ष सर्वोन्नति प्रयोग** सम्पन्न करें, परिस्थिति में सुधार होगा।

**न्यौछावर ₹ 2100**

**14 से 20 दिसम्बर तक-**आप नया निवेश कर सकते है, जो कि आगे चलकर जबरदस्त लाभ देगा। असहायों के लिये आपके मन में दया और करूणा का भाव रहेगा। आप उनके लिये कुछ करेंगे। खुद पर नियंत्रण रख कर आप बेहतर परिणाम प्राप्त कर लेंगे। समय व्यर्थ के कार्यो में व्यतीत होगा कलह, वाद विवाद से दूर रहने में ही लाभ है। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**21 से 31 दिसम्बर तक-** राजकीय कार्य बाधाये आ सकती है। बैंक या पेंशन से संबंधित कार्यो में भी अवरोध आ सकते है। यात्रायें सफल होंगी। नई मुलाकातें सार्थक रहेंगी। चारों ओर से लाभ की प्राप्ति होगी। गृहस्थ सुख में वृद्धि होगी तथा परिवार में प्रेम सद्भाव बना रहेगा।

**शुभ तिथियां 03,07,26,28**



## मीन

**01 से 06 दिसम्बर तक-** समय बहुत ही शानदार व्यतीत होगा। सारे प्रयत्न सफल होंगे। **घर, परिवार, समाज, मित्र** सभी के द्वारा आप सराहे जायेंगे। आप अपने अंदर कुछ खास परिवर्तन अनुभव करेंगे। आप अपना अधिक समय परिवार, आपसी बैठक के लिये ही देंगे। आकस्मिक धन की प्राप्ति हेतु **सिंह वाहिनी महालक्ष्मी संक्रान्ति साधना** सम्पन्न करना शुभ रहेगा। आप ऑफिशियल रूप से व्यस्त रह सकते है। **न्यौछावर ₹ 2100**

**07 से 13 दिसम्बर तक-** सफलता की दौड़ में आप अंधे हो जायेंगे सरकारी कार्य गति पकड़ेंगे। **पेंशन, बीमा-संबंधी दस्तावेज** आप पूरे करेंगे। इस समय आप बीते वर्ष को याद कर रोमांचित हो जाओगे। अचानक लाभ की प्राप्ति होगी। कही से **धन लाभ, बोनस, उपहार** आदि मिलेंगे। आर्थिक पक्ष सुदृढ़ होगा।

**14 से 20 दिसम्बर तक-** व्यापार में अधिक विस्तार की योजना बनायेंगे। नौकरी पेशा व्यक्ति को भी अपने कार्यक्षेत्र में आपको आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे। सम्पत्ति का बंटवारा आपसी सहमति व बातचीत से सुलझ जायेगा। हालांकि भाईयों के मध्य ज्यादा मधुर संबंध नहीं रहेंगे। आप अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें अन्यथा विवाद बढ़ सकता है।

**21 से 31 दिसम्बर तक-** अच्छा समय है। आप **ऊर्जापूर्ण व्यक्तित्व** है, आप अपनी जीवन शैली को नृत्य युक्त बनायें तथा ध्यान के लिये कुछ समय अवश्य दें। यदि कहीं **दुःख** अथवा **पीड़ा** का आभास हो तो आप यह जान लें कि आप प्रकृति के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे है। आप अपने सपनों को पूरा करने के लिये पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी से कोशिश करेंगे।

**शुभ तिथियां 13,18,22,23**